52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.4 °c | अधिकतम 33.0 °c

**अमृतवाणी**

सफल होने के लिए, सफलता की इच्छा, असफलता के भय से अधिक होनी चाहिए।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस को मोदी को हराने के लिए सबको साथ लेना होगा, अकेले कुछ नहीं कर पाएंगे : ओवैसी



सवाल ये है कि मोदी को हराना ही क्यों है?......

सूर्योदय : 6:20 सूर्यास्त : 5:49

वर्ष : 52/ अंक : 285 सोमवार, 14 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-04



52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 285 सोमवार, 14 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## काशी में भरत मिलाप के दौरान मची भगदड़, पुलिस ने भाजी लाठियां, कई लोग घायल

**वाराणसी, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** नाटी इमली में रविवार को आयोजित विश्व प्रसिद्ध भरत मिलाप के आयोजन के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया जब पुष्पक विमान को कंधा देने के लिए यादव बंधु आगे आए। इस दौरान कई लोगों की हल्की चोटें भी आई। यह पुलिस ने मौके पर लाठी चार्ज कर दिया। भगदड़ की स्थिति में जब भीड़ इधर-उधर हुई तब जाकर आयोजन शुरू करवाया जा सका। लक्खा मेले में शुमार भरत मिलाप का आयोजन वाराणसी में शुरू हो गया। विभिन्न रास्तों से होते हुए लोग नाटी इमली मैदान में पहुंच गए थे। इसके पहले मैदान के आसपास के मकानों की छतें भी भर गई थीं। सभी लोग उस पल का इंतजार कर रहे हैं जब राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुधन का मिलन होगा। हर वर्ष होने वाले इस भावपूर्ण का विशेष और धार्मिक महत्व है। भरत मिलाप के पूर्व पुष्पक विमान का गेट खोलने के दौरान भगदड़ मच गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। इस दौरान कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आई। आयोजन शुरू होने से पहले स्थिति पर काबू पा लिया गया था।

# मीरांपुर सीट रालोद की तय, जल्द होगी लड़ाकों की घोषणा

- यूपी की दस विधानसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान किसी भी वक्त
- भाजपा गठबंधन ने रालोद को दी सीट, दूसरी ओर सपा व कांग्रेस में खींचतान

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** अक्टूबर शुरू होते ही अब जिले की मीरांपुर सीट को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आज भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक में प्रत्याशियों के चयन पर चर्चा की गई। मीरांपुर सीट रालोद के खाते में चली गई है। दूसरी ओर सपा और कांग्रेस में अभी मीरांपुर सीट को लेकर अनिश्चय की स्थिति के बावजूद सपा नेताओं का दावा है कि सीट उन्हीं के पास रहेगी। ऐसे में दावेदारों की लंबी फेहरिश्त के बावजूद अभी संभावित उम्मीदवार को लेकर स्थिति अस्पष्ट है।

यूपी में दस विधानसभा चुनावों के लेकर होने वाले उपचुनाव भाजपा ने मीरांपुर सीट रालोद के लिए छोड़ी है। लोकसभा चुनाव में टका खा चुकी भाजपा इस बाद विधानसभा उप चुनाव में हर फंद अपना रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा समय से उपचुनाव करा लेने की घोषणा के बाद अब माना जा रहा है कि जल्द ही चुनाव प्रक्रिया की तिथियों का ऐलान हो जाएगा। इस हालत में भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक में आज संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा में मीरांपुर सीट रालोद के खाते में जाने के साथ यहां चुनावी माहौल बनना शुरू हो गया है। हालांकि प्रत्याशी के नाम पर अभी रालोद के नेता खामोश हैं और उनका कहना है कि हाईकमान इस पर अंतिम निर्णय लेगा। मोटे तौर पर रालोद से टिकट के दावेदारों में यहां विधायक रहे और अब सांसद चंदन चौहान की पत्नी याशिका चौहान, पूर्व विधायक मिथलेश पाल, जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, मलूक नागर की पत्नी समेत कई नाम शामिल हैं। अगर रालोद की सीट पर भाजपा चेहरे की बात आई तो यहां राजपाल सैनी को तगड़ा दावेदार माना जा रहा है।

### सपा के दर्जनों दावेदार, पर कांग्रेस से गठबंधन का इंतजार

**मुजफ्फरनगर ।** समाजवादी पार्टी की बात करें तो पार्टी में उम्मीदवारों की फेहरिश्त काफी लंबी है। हालांकि सपा की ओर से दस में छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाने और इसके बाद अखिलेश यादव द्वारा बची सीटों पर कांग्रेस से बातचीत को लेकर इस बात की चर्चाएं जोरों पर हैं कि मीरांपुर सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है। स्थानीय स्तर पर इसे लेकर बहुत सरगर्मी भले ना हो, लेकिन कांग्रेस हाईकमान मीरांपुर और खैर सीटों पर दावेदारी जता रही है। ऐसे में कांग्रेस के पास यहां नाम कम ही हैं। यहां सलमान सईद और अरशद राणा को बड़ा दावेदार माना जा रहा है। लेकिन सपा की बात करें तो वहां एक दर्जन नाम इस सीट को लेकर चर्चा में हैं। इनमें पूर्व सांसद कादिर राना, चौधरी इलम सिंह, लियाकत अली, अब्दुल्ला राना, मुखिया गूर्जर और भड़ाना के दामाद का नाम भी लिया जा रहा है। हालांकि इस बात पर भी चर्चा चल रही है कि पहले ही तीन मुस्लिम उम्मीदवार उतार चुकी सपा यहां शायद किसी गैर मुस्लिम पर दांव लगाएगी। प्रत्याशी चयन से पूर्व यह तय होना जरूरी है कि यह सीट कांग्रेस के पास रहेगी या सपा के। या फिर सपा पूर्व की तरह प्रत्याशी हमारा सिंबल तुम्हारा की गुगली में कांग्रेस को मनाएगी।

### बागपत में भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

**बागपत 13 अक्टूबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बागपत के चांदीनगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह पैदल जा रहे चार लोगों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया और फरार हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उपाधीक्षक प्रीता सिंह ने बताया कि रविवार सुबह चाँदीनगर क्षेत्र के लहचौड़ा गांव के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस पर यह हादसा हुआ। सूत्रों के मुताबिक तेज़ रफ्तार ट्रक की चपेट में एक्सप्रेस वे पर चारो लोग पैदल ही जा रहे थे। तभी चालक की लापरवाही से ट्रक चारों को रौंदता हुआ फरार हो गया। हादसे में तीन लोगों की घटना स्तर पर ही मृत्यु हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया मृतकों में राजा (26) पुत्र इमरान, व नन्हे (40) पुत्र इंतजार निवासी देहरा जनपद हापुड़ व आकिल (40) पुत्र इकबाल निवासी नाहल जिला गाजियाबाद के रहने वाले थे। घायल की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा में युवक की मौत

- गुस्साये लोगों ने हाइवे किया जाम, प्रदर्शन जारी




**बहराइच, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों में विवाद हो गया। आरोप है इस दौरान महराज गंज कस्बे में दूसरे समुदाय की ओर से पथराव और फायरिंग की गई जिसमे मूर्ति विसर्जन में शामिल रेहुवा निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल हो गए हैं। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने व विसर्जन में शामिल रहे लोगों ने मेडिकल कॉलेज के बाहर शव रखकर जाम लगा दिया। विरोध प्रदर्शन के कारण शहर में विसर्जन रुक गए हैं। अस्पताल चौराहे पर मूर्तियां खड़ी कर दी गई हैं। इसके पहले, मौके पर हरदी समेत कई थानों की पुलिस और पीएसी को भेजा गया। विवाद बढ़ते देख हालात को नियंत्रित करने के लिए पीएसी ने लाठीचार्ज कर दिया। आला अफसर समेत महसी विधायक मौके पर पहुंचे है। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई जिससे हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। रामगोपाल की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में जिंदाबाद-मुदार्बाद के नारे लग रहे हैं।

## यूपी उपचुनाव: नौ सीटों पर भाजपा और मीरांपुर पर रालोद

**लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने 9 सीटों पर खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया है । साथ ही इन सीटों के लिए नौ प्रत्याशियों के नाम को भी फाइनल कर दिया है। यह भी तय किया गया है कि उप चुनाव नए चेहरों को ही अधिक मौका दिया जाएगा। हालांकि इन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा उप चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद की जाएगी। दिल्ली में रविवार को बैठक हुई, जिसमें मीरापुर सीट को रालोद को देने पर सहमति बनी है। यह 2022 में भी रालोद यहां से जीती थी। जबकि नौ सीटों पर भाजपा अपने सिंबल पर चुनाव लड़ाएगा। बैठक में 9 सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति बनने के बाद कटेहरी और मझवां सीटों पर दावेदारी करने वाले संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सौंपा गया है।

### चुनाव को लेकर हाईलेवल बैठक में फैसला

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर करीब एक घंटे तक चली बैठक में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया है कि सभी सीटों की जातीय समीकरण को देखते हुए ही नए चेहरों को उतारा जाएगा। यह भी तय किया गया है उप चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद ही उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। संभावना है कि 20 अक्तूबर तक या इससे पहले ही उप चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। इसलिए अपनी तैयारियों को और तेज किया जाए। सूत्रों का कहना है कि बैठक में प्रदेश भाजपा की ओर से भेजे गए प्रत्याशियों के पैनल पर भी चर्चा हुई । कटेहरी, मझंवा, फुलपुर और मिल्कीपुर सीट के लिए प्रस्तावित नामों पर अभी फैसला नहीं हो पाया है। अलबत्ता इन सीटों पर पैनल में शामिल पिछड़े नेताओं को ही चुनाव लड़ाने पर गंभीरता से विचार किया गया है। बैठक में एक-एक सीट पर जातीय समीकरण और मौजूदा मुद्दों पर भी चर्चा हुई । प्रदेश के नेताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व को अब तक की तैयारियों की जानकारी दी और बताया किए पहले चरण के प्रचार, संपर्क और संवाद का कार्यक्रम पूरा हो चुका है। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सभी सीटों पर किए गए कार्यक्रमों, विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ ही अब तक की गई जनसभाओं की भी जानकारी दी गई। वहीं, केन्द्रीय नेतृत्व को 8-9 सीटें जीतने का भरोसा भी दिया गया है। बैठक में सपा और बसपा द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों के लिहाज से रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा हुई। खास कर उन सीटों पर चुनाव जीतने को लेकर अधिक प्रभावी तरीके से काम करने पर सहमति बनी है, जो सीटें सपा का कब्जा है। बैठक में कटेहरी, मिल्कीपुर और मझवां सीट को लेकर सबसे अधिक माथापच्ची हुई। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षित सीट होने की वजह से मिल्कीपुर से कोई दलित चेहरा तो उतरेगा ही। साथ ही कटेहरी और मझंवा सीट पर भी पिछड़े चेहरे को ही उतारा जाएगा। दरअसल मिल्कीपुर और कटेहरी सीट जीतना भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा का सवाल है और मुख्यमंत्री खुद इन दोनों सीटों की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ले रखी है। इसलिए भाजपा इन दोनों सीटों पर कोई खतरा मोल नहीं नहीं लेना चाहती है।

### अनोखा रावण दहन, पत्नी ने अपने पति और सुसरालियों का पुतला फूंका

**हमीरपुर, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** हमीरपुर जिले के मुस्करा कस्बे में एक अनोखा ही रावण दहन देखने को मिला। यहां एक महिला ने अपने ही पति ,सास ससुर व ननद की तस्वीर लगा कर रावण की जगह उनका दहन किया। इसके कारण यह दहन मुस्करा और जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मुस्करा कस्बे में रहने वाली प्रियंका की शादी संजीव दीक्षित से चौदह साल पहले हुई थी। उसके पति का अफेयर पहले से ही उसकी बहन की सहेली से था। पति, प्रियंका को कुछ दिनों बाद घर पर छोड़कर पुष्पांजलि नाम की लड़की के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगा। इस बात की जानकारी जब प्रियंका को हुई, तब उसने विरोध करना शुरू कर दिया, लेकिन सास-ससुर व बहन की सहमति न मिलने के कारण वह बीते 14 वर्ष से दर-दर भटकने को मजबूर हो गई। इस कारण विजय दशमी के दिन उसने अपने पति घर के सामने उनका पुतला बनाकर दहन किया। साथ ही, समाज में एक संदेश लेने की कोशिश की। पीड़ित प्रियंका ने बताया की उसकी शादी को आज 14 साल बीत गए हैं और अभी तक उसका वनवास खत्म नहीं हुआ है। इस मौके पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार भी लगाई है।

## तनाव में आकर सिपाही ने दी जान



**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** सर्विलांस में तैनात गाजियाबाद जनपद के थाना साहिबाबाद के अटोल नंगला गांव निवासी 31 वर्षीय सिपाही सौरभ सहलौत ने पत्नी से विवाद के चलते लगाई फांसी। मौत के बाद पूरे पुलिस महकमे में छाया शोक। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। पैत्रक गांव में हुआ अंतिम संस्कार।

रविवार को वर्तमान में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नानूपुरी में रह रहे सौरभ सहलौत ने फांसी लगा ली। दरअसल सौरभ अपने चार सिपाही साथियों के साथ मेरठ रोड स्थित थाना सिविल लाइन के नानूपुरी मौहल्ले में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। शनिवार की रात उसके अन्य तीन साथी ड्यूटी पर थे और वह अकेले कमरे में मौजूद था। देर रात 11 बजे जब सौरभ के अन्य एक साथी पुलिसकर्मी कमरे पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। चादर का फंदा बनाकर सौरभ पंखे से लटका हुआ था। सौरभ को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए मगर वहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। आनन-फानन में सौरभ की मौत की खबर सुनते ही उसके सभी साथियों में शोक छा गया। इसकी सूचना जब एसएसपी अभिषेक सिंह व एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत तक पहुंची तो दोनों तुरन्त देर रात में ही हॉस्पिटल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी हासिल की। परिवार को हाथोंहाथ इसकी सूचना दे दी गयी तो परिवार के लोग भी रात्रि में ही मुजफ्फरनगर पहुंच गए और पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए गाजियाबाद ही ले गए। सौरभ पिछले तीन वर्षो से मुजफ्फरनगर जनपद में ही तैनात था। अभी सौरभ की उम्र मात्र 31 वर्ष थी। वर्ष 2016 में उसकी भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस में हुई थी।

### पुलिस में होने के बावजूद भी पत्नी से विवाद का अवसाद सह न सका सौरभ

**मुजफ्फरनगर ।** कौन इन्सान किस समस्या से कितना अधिक जूझ रहा है, इसका अंदाजा लगा पाना आज के दौर में मुश्किल है। जो पुलिसकर्मी अपनी खाकी वर्दी के दम पर औरों के फैसले कराने का माद्दा रखते हैं, कभी कभी वो भी अवसाद के चलते जिंदगी की जंग हार जाते हैं। ऐसा ही कुछ सौरभ के साथ होना बताया जाता है। 31 वर्षीय नौजवान सौरभ अपनी पत्नी से विवाद के चलते लम्बे समय से तनाव में था और शायद समस्या का हल न मिलने के बाद ही सौरभ द्वारा ऐसा गंभीर कदम उठाया गया। बताया जाता है कि सौरभ का विवाह 2021 में बुलंदशहर निवासी प्रिया के साथ हुआ था। किन्हीं कारणों से शुरू से ही सौरभ का विवाद अपनी पत्नी के साथ चल रहा था और पिछले कई महीनों से सौरभ की पत्नी अपने मायके ही रह रही थी। दुखद बात यह है कि एक बहन के अलावा सौरभ माता पिता का इकलौता पुत्र था। सौरभ की मौत के बाद उसके साथियों में एक ही चर्चा होती दिखाई दी कि कभी कभी पारिवारिक कलह इतनी भारी पड़ जाती है कि खुद लोगों को न्याय दिलाने वाले पुलिसकर्मी भी फेल हो जाते हैं। साथियों का कहना था कि आए दिन वह थाने में सैंकड़ों पारिवारिक विवाद सुलझाकर खुशी खुशी उन्हें घर वापस लौटाने का काम करते हैं, मगर अपने ही मामले में फेल हो जाने का दुख बर्दाश्त नहीं होता और सौरभ की आत्महत्या का दुख हमेशा रहेगा।

## सफाईकर्मी नेता ने विधायक के सामने ही दी भूस भरने की धमकी

### वाल्मीकि बस्ती पहुंचे विधायक मदन भैया के समक्ष समर्थकों को सुधीर धामा ने दी सुधार देने की चेतावनी

**खतौली, 13 अक्टूबर (बु.)।** विधायक के समर्थकों द्वारा अभद्र व्यवहार किये जाने से आक्रोशित सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष सुधी धामा ने विधायक मदन भैया की मौजूदगी में उनके समर्थकों को खरी-खोटी सुनाकर जमकर भड़ास निकालते हुए सुधारने की चेतावनी दी।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को क्षेत्रीय विधायक मदन भैया अपने समर्थकों के साथ बड़ा बाजार स्थित एक परिवार में शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि आगामी 16 अक्टूबर को पालिका सफाई कर्मचारी संघ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें कर्मचारी संघ द्वारा क्षेत्रीय विधायक मदन भैया को मुख्य अतिथि बनाया जाना तय पाया गया है। बताया जाता है कि क्षेत्रीय विधायक का नगर के बड़ा बाजार में मौजूद होने की जानकारी मिलने पर सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष सुधीर धामा बाइक द्वारा आगामी 16 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम का निमन्त्रण देने जैसे ही बड़ा बाजार में पहुंचे तो आरोप है कि विधायक के साथ चल रहे उनके समर्थकों के कर्मचारी यूनियन नेता सुधीर धामा के साथ कहासुनी हो गई, जिसके पश्चात सुधीर धामा विधायक को निमन्त्रण पत्र दिए बिना ही वापस लौट गये। बताया जाता है कि इससे कुछ समय पश्चात जैसे ही सुधीर धाम को जानकारी मिली कि विधायक अपने समर्थकों के साथ नगर के मौहल्ला देवीदास की वाल्मीकि बस्ती में एक आवास में शोक व्यक्त करने पहुंचने वाले हैं तभी सुधीर धामा भी कर्मचारी संघ के युवाओं के साथ वहां पहुंच गये। इस दौरान कर्मचारी संघ नेता सुधीर धामा ने अपने साथ किये हुए अभद्र व्यवहार से आक्रोशित होकर विधायक की मौजूदगी में उनके समर्थकों को जमकर



खरी-खोटी सुनाई तथा अभद्रता करने वालों का भूत उतारने की चेतावनी दी। विवाद को बढ़ता देख मौके की नजाकत को समाते हुए क्षेत्रीय विधायक मदन भैया ने जनप्रतिनिधि का कर्तव्य निभाते हुए बीच बचाव कर विवाद को शान्त कराया। विधायक के समर्थकों व पालिका कर्मचारी यूनियन नेता का विवाद नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

## डासना मंदिर के बाहर महापंचायत को जुटी भीड़ पर लाठीचार्ज

**गाजियाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की

### सड़क पर पंचायत लगाकर बैठ गए भाजपा विधायक

कोशिश को पुलिस ने लाठीचार्ज कर नाकाम कर दिया। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को भी पुलिस ने मंदिर जाने से रोक दिया तो उन्होंने एनएच पर ही पंचायत करने का निर्णय लिया। उन्होंने डासना मंदिर के बाहर इकट्ठा होकर प्रदर्शन करने वाले लोगों पर एनएसए की मांग की। पुलिस अधिकारियों पर भी उन्होंने तमाम आरोप लगाए। करीब एक बजे सभी लोग अपने अपने घरों को लौटे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत



नहीं दी थी। इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिये जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए यूपी के अलावा उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान से बड़ी तादाद में साधु संत एक दिन पहले शनिवार को ही पहुंच गए थे। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। पुलिस ने बताया कि नरसिंहानंद के कुछ समर्थकों ने मंदिर तक पहुंचने के लिए अवरोधक हटाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं जिनमें पुलिसकर्मी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां भांजते नजर आ रहे हैं। नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में संतों के साथ मंदिर के गेट पर धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर के बाहर पुलिस श्रद्धालुओं को पीट रही है। त्यागी ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में आरोप लगाया कि पुलिस ने महापंचायत में शामिल होने जा रहे अनुयायियों को शनिवार रात में ही घर से गिरफ्तार कर लिया। उनका आरोप है, संतों के लिए दवाइयां लेकर एंबुलेंस में मंदिर की ओर जा रहे डॉ. बीपी त्यागी को भी रोका गया। अंदर जाने की जिद पर अड़े 65 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उनको लेकर पुलिस लाइन पहुंची। संतों ने लोगों से अपील की कि पुलिस जहां पर लोगों को रोके, वहीं पर पंचायत कर दो। करीब 11 बजे जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने समर्थकों के साथ डासना मंदिर जाने के लिए पहुंचे तो पुलिस ने उनको भी रोक दिया। इसके बाद वहां हंगामा हो गया। विधायक ने गाजियाबाद पुलिस पर समाज और सरकार को कमजोर करने का आरोप लगाया। घंटों की मशक्कत के बाद भी जब उनको अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली तो उन्होंने एनएच पर ही पंचायत करने की घोषणा कर दी। सैकड़ों लोग सड़क पर ही बैठ और उन्होंने भाषण दिया। उन्होंने महंत पर टिप्पणी व मंदिर के बाहर प्रदर्शन करने वालों पर एनएसए की कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि वह गाजियाबाद पुलिस की कार्यशैली की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। करीब एक बजे के आसपास लोग अपने अपने घरों को जाने शुरू हो गए। दो बजे लोगों की भीड़ डासना व आसपास में कम हुई। लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे बेतरतीब खड़े कर दिए। एनएच पर भयंकर जाम लग गया। लोगों को करीब एक किलोमीटर की दूरी में जाम के झाम में फंसकर मुसीबत झेलनी पड़ी। घंटों भी जब कोई समाधान नहीं निकला तो लोग वैकल्पिक रास्तों से दिल्ली की तरफ गए। मंदिर के बाहर प्रदर्शन करने, भडकाऊ भाषण समेत अन्य मामलों में अब तक कविनगर, वेवसिटी, कोतवाली, मसूरी में 20 मुकदमे दर्ज हो चुके है। वेवसिटी पुलिस मंदिर के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा 14 लोगों की गिरफ्तारी कोतवाली पुलिस ने की है।

### योगी जी क्या तुम्हारी सत्ता में यहीं होगा: नरसिंहानंद

महापंचायत के आह्वान के बावजूद यति नरसिंहानंद सरस्वती न तो मंदिर में दिखे और न ही वह महापंचायत में आए। वाट्सएप पर उन्होंने कहा कि वह ज्यादा बातचीत नहीं कर सकती। उनको नजर बंद किया हुआ है। हालांकि, उन्होंने अपने एक्स पर गाजियाबाद पुलिस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए एक वीडियो साझा किया। लिखा कि जो काम कोई नहीं कर रहा, वह काम गाजियाबाद पुलिस कर रही है। एक साधु को गाजियाबाद पुलिस गाली दे रही है। क्या आपकी सत्ता में यही होगा?

आँखों के सफेद मोतिया बिन्द का कैम्प

मंगलवार 15 अक्टूबर 2024

समय– प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

परामर्श चिकित्सक

डा0 ईशा गुप्ता

M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)

नेत्र रोग विशेषज्ञ

स्थान: हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

आर्य समाज रोड, निकट महावीर चौक, अग्रवाल मार्केट के पीछे, मुजफ्फरनगर

कैम्प के लिए नाम पहले से लिखायें
(कैम्प में 40 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज दिखायें)
Phone: 8194092424, 8126737290

कैम्प में सुविधायें:-
सफेद मोतियाबिन्द के ऑप्रेशन
किफायती दरों पर किये जायेंगे।
जरूरतमन्द रोगियों को मुफ्त दवा दी जायेगी।
आँखों की सभी जाँच मुफ्त की जायेंगी

हर्ष आईकेयर में फेको विधि द्वारा विदेशी मशीनों से सफेद मोतियाबिन्द का ऑप्रेशन
(ना इंजेक्शन, ना टांका ना दर्द)
किया जाता है।
उच्चतम क्वालिटी के फोल्डेबल लैंस लगाये जाते हैं।

आयुष्मान भारत योजना में आँखों के विदेशी एवं देशी लैंस मुफ्त डाले जायेंगे।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, दूसरा घायल

**मीरापुर/बहसूमा, 13 अक्टूबर (बु.)।** बहसूमा से थाना मीरापुर क्षेत्र के गांव नगला खेपड़ जा रहे दो व्यक्ति बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में बटावली मार्ग पर एक क्रंकीट मिक्कर से भरा ट्रक के उसका चालक लापरवाही व तेजगति के चलते चला रहा था। उक्त ट्रक ने बाइक को लपेटे में ले लिया और बाइक को कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। आनन फानन में घायल व्यक्ति को मेरठ इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लेना चाहा, मगर मृतक के उत्तेजित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया और अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मुआवजे की मांग करने लगे। घंटे चले उक्त हंगामे पर भी कोई समाधान न निकलने पर नगर के मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की गयी। आपको बता दें कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला खेपड़ निवासी सनोज उर्फ गुल्लू पुत्र संतरपाल (27) अपनी टीवीएस बाइक पर सवार होकर अपने साथी शाहपुर निवासी कृष्णपाल पुत्र रामपाल को बैठाकर नगर से बटावली मार्ग से होते हुए अपने घर जा रहा था। जैसे ही उक्त लोग धीरसिंह राठी के बाग के सामने क्रकिट सीमेंट से भरे ट्रक के बराबर से गुजरे तो ट्रक चालक ने लापरवाही व तेजगति से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती की सनोज बाइक में उलझकर सड़क पर दूर तक घिसरता चला गया, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के लिए चली तो परिजनों ने शव को उठना नहीं दिया। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी एक न सुनी। उसके बाद में उत्तेजित ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया और मांग करने लगे कि जब तक अधिकारी मौके पर नहीं आएंगे और परिजनों को मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक शव को उठना नहीं देंगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अभिषेक पटेल व अपर तहसीलदार जितेन्द्र कुमार ने भी काफी समझाने का प्रयास किया। दो घंटे चले रोड जाम में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी ने परिजनों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी कार्यवाही करने की बात करती रही। मृतक सनोज घर में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई मनोज सऊदी अरब रहता है। माला भाई विनोद व मृतक खेतीबाड़ी करता है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

**सम्पादक की क़लम से**

## किसी की फजीहत, किसी को नसीहत

हरियाणा और जम्मू कश्मीर चुनाव के नतीजे आने के बाद हारने या पिछड़ने वाली पार्टियों की फजीहत हो रही है। चुनाव में हार या जीत होती ही है, लेकिन नेताओं की समझ के स्तर का और उनके किरदार का पता उनकी हार के बाद उनके बयानों से लगता है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा के कई नेता गिनती से पहले बहुत अनाप-शनाप बोल रहे थे, गिनती के बाद भी अनाप-शनाप बोल रहे हैं। कई नेताओं का तो चैनलों पर सार्वजनिक अपमान तक चल रहा है। हरियाणा में कांग्रेस की फजीहत लगातार जारी है, नसीहत के बावजूद भी कांग्रेसी नेताओं की अहमकाना बयानबाजी जारी है। हरियाणा में चुनाव परिणाम के बाद कुछ ऐसे भी बयान सामने आए हैं, जो महिला सम्मान के विपरीत हैं। कांग्रेसी इको सिस्टम का हिस्सा और खुद को राजनैतिक विश्लेषक बताने वाले एक आदमी ने कांग्रेस की पराजित प्रत्याशी को लेकर कई चैनलों पर उनके चरित्र को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है। इस मामले में पराजित कांग्रेसी प्रत्याशी जो मतदान से पहले खुद की जीत का दावा कर रही थी, ने कांग्रेस की बागी प्रत्याशी जो निर्दलीय लड़ रही थीं, उनके लिए भी अपमानजनक बातें कहीं और बागी प्रत्याशी जो निर्दलीय लड़ रही थीं, उन्होंने भी कांग्रेस की पराजित प्रत्याशी के लिए चमड़ी और दमड़ी के दम पर टिकट लाने की बात कही थी, जनता ने दोनों ही को हरा दिया और भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीत हुई। हार की फ़जीहत अलग हो रही है और निचले स्तर की बयानबाजी की फ़जीहत अलग हो रही है। इस प्रकरण को जब कांग्रेस के इको सिस्टम से जुड़े आदमी ने कई चैनलों पर उठाया, तो भाजपा के आई टी सैल ने भी उन वीडियो को उठा कर वायरल कर दिया, कांग्रेसी इससे तिलमिला उठे और भाजपा पर निशाना साधने लगे। पहले यह मामला इको सिस्टम और कांग्रेसी प्रत्याशी और उन्हें टिकट देने वालों ही के बीच में चल रहा था, अब इसमें भाजपा के आईटी सैल के कूदने से सारे कांग्रेसियों ने अपनी तोप के मुँह भाजपा की तरफ कर दिए। कुछ भी हो यह निचले दर्जे की सियासत है। कांग्रेस के लिए सात अक्टूबर की शाम बड़ी उत्साही थी। हरियाणा की राजनीति में एक बार फिर हलचल मच गई थी। सिर्फ आम जनता ही नहीं बल्कि राज्य के आला अधिकारी और ब्यूरोक्रेसी के सीनियर अधिकारी भी यह मानने लगे थे कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमन्त्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सत्ता में वापसी लगभग तय है। रोहतक में उनके निवास पर समर्थकों का जमावड़ा शुरू हो गया था, जैसे कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दिनों में हुआ करता था। दूसरी ओर भाजपा के स्टेट ऑफिस में सन्नाटा पसरा हुआ था और कांग्रेस की जीत की चर्चाएं हर ओर हो रही थीं। जैसे-जैसे दिन बीतता गया, कांग्रेस की उम्मीदें धूमिल होती गईं। भाजपा की बढ़त लगातार बढ़ती रही और शाम तक कांग्रेस को अप्रत्याशित परिणामों का सामना करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान हुड्डा के बेटे और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, जो कांग्रेस की जीत का दावा कर रहे थे, कहीं नजर नहीं आए। परिणाम के दिन उनकी अनुपस्थिति ने कई सवाल उठाए। इसके बाद निचले दर्जे की बयानबाजी शुरू हो गयी, जो अब तक चल रही है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव नतीजों में भाजपा के लिए नसीहत है नसीहत यह है कि उन्हें घाटी का वोट नहीं मिलेगा। महबूबा मुफ़्ती की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भी नसीहत है कि बयानबाजी अलग है, आवाम की फ़िक्र अलग। इंजीनियर रशीद की पार्टी अवामी इत्तिहाद पार्टी के लिए भी नसीहत है कि अलगाववादियों से नजदीकी का जमाना लद गया। घाटी के अंदर महबूबा मुफ़्ती की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को कुल तीन सीटें ही मिल पायीं। इंजीनियर रशीद की पार्टी अवामी इत्तिहाद पार्टी केवल एक सीट जीत पाई। इस चुनाव में डॉक्टर फारूक अब्दुल्लाह की नेशनल कॉन्फ्रेंस 42 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वहीं, कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर में छह सीटें मिलीं। इनमें पांच सीटें कश्मीर से और एक जम्मू से मिली है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू क्षेत्र में भी सात सीटें जीती हैं। इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तिहाद पार्टी ने इस चुनाव में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के साथ गठबंधन किया था, इसको कश्मीर में एक भी सीट हासिल नहीं हो सकी है। जमात-ए-इस्लामी के नेता 1987 के बाद से लगातार चुनावों का बहिष्कार करते आए थे, लेकिन आम चुनाव 2024 में जमात के कई नेताओं ने वोट डाल कर लोगों को हैरान कर दिया था। जानकार कहते हैं कि कश्मीर की जिस किसी भी सियासी पार्टी ने बीजेपी के साथ हाथ मिलाया, उसकी राजनीति को जनता में स्वीकार्यता नहीं मिली और लोगों ने उस दल को खारिज कर दिया।जो कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस को मैंडेट मिला है, वो क्या है? वो मैंडेट बीजेपी के खिलाफ है। तो जब बीजेपी को लोग कश्मीर में पसंद नहीं कर रहे हैं, तो उन जमातों को क्यों पसंद किया जाएगा, जो बीजेपी के करीब हैं। पीडीपी ने बीजेपी के साथ सरकार बनाई, तो आज उसका अंजाम सामने है। फिर इंजीनियर रशीद मैदान में आये थे, लेकिन उन पर भी बीजेपी के प्रॉक्सी होने के आरोप लगे, सच क्या है और झूठ क्या है, ये साफ नहीं है, लेकिन इन आरोपों ने इन सभी को सियासी नुकसान पहुंचाया है। बीते एक दशक में कश्मीर के कई सियासी दलों को देखा गया, जिन पर बीजेपी की ए, बी, सी और डी टीम होने के आरोप लगे हैं। जिन्होंने बीजेपी के साथ खुलेआम हाथ मिलाया, उन्हें उसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। 2014 के विधानसभा चुनाव में पीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार बनने के बाद पीडीपी को उसकी कीमत अभी तक चुकानी पड़ रही है। सईद अल्ताफ बुखारी की जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी को बीजेपी की बी टीम कहा गया और पार्टी को अपनी नाकामियों का सामना करना पड़ा। पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 और विधानसभा चुनाव 2024 में कोई भी सीट नहीं जीती है। इसी तरह सज्जाद लोन की जम्मू-कश्मीर पीपल्स कॉन्फ्रेंस पर भी बीजेपी की ए टीम का लेबल लगाया गया और वो विधानसभा चुनाव 2024 में केवल अपनी सीट बहुत कम वोटों से जीत पाए। गुलाम नबी आजाद पर भी बीजेपी के करीबी होने का इल्जाम लगा। आजाद ने दो साल पहले डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी नामी राजनीतिक दल को स्थापित तो किया, लेकिन वो जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक नक्शे पर उभर नहीं पाया।

### चार तीर
सुनील उत्सव

"बिक्री" "मन्दा" "धन्धा" "प्लान"

चार दिन की तेज बिक्री से बड़े हैरान हैं।
एक दिन आया जो मन्दा तो बहुत हल्कान हैं।।
कपड़े वालों का भी जीवन क्या बनाया हे प्रभु,
और कोई धन्धा करलें, ऐसे इनके प्लान हैं।



गांधी कॉलोनी के दशहरे के दौरान समर्पित युवा समाज द्वारा लगाये गये एक ब्लड कैम्प लगाया गया जिसमें यशवंत ग्रोवर ने पहली बाद रक्तदान किया, जिसकी सभी समर्पित युवा समाज के लोगों ने हौसला अफजाई की।
-फोटो बुलेटिन


**शोक सन्देश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः



आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
श्री दीपक कुमार मित्तल (सुपुत्र स्व. श्री लाल सिंह मित्तल)
दिनांक 04-10-2024 दिन शुक्रवार को अपनी संसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों में विलीन हो गये है। इनकी रस्म-पगड़ी
दिनांक - 14 अक्टूबर 2024, दिन - सोमवार
ब्रह्मभोज 12.00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी 2.00 बजे दोपहर
स्थान - सनातन धर्म सभा भवन
निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार -
श्रीमती पूनम मित्तल (पत्नी)
वैभव - मानसी मित्तल (पुत्र - पुत्रवधु)
सिद्धार्थ - प्रेरणा मित्तल (पुत्र - पुत्रवधु)
वैशाली - प्रभात गोयल (पुत्री - दामाद)
अथर्व , अनन्या , वंशिका (पौत्र, पौत्री)
आरव, कविका (धेवता, धेवती)

प्रतिष्ठान -
मै. राधा किशन स्वामी शरण
पुरानी मंडी, मुजफ्फरनगर
मै. दीपक ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन

मो0 9897275555, 9997534555, 8527646555
गाडी पार्किंग की व्यवस्था टॉउन हॉल में रहेगी ।
कृप्या पगड़ी ना लायें ।








# संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का, वो काम सब किए चलो, युग के साथ मिलकर सब कदम बढ़ाना सीख लो, एकता के स्वर में गीत गुनगुनाना सीख लो

## स्वयंसेवक 5 तत्वों पर करेंगे अब हिन्दुत्व के लिए काम: उदय जी

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लक्ष्मीनगर के स्वय सेवकों ने नगर में पथ संचलन करते हुए हिन्दुत्व की रक्षा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग सम्पर्क प्रमुख उदय जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयदशमी के दिन नागपुर में हुई थी, जिसमें आज से संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस 99 वर्ष की यात्रा में आज संघ नागपुर से चलकर अपने कार्य और स्वयं सेवकों से बल पर सम्पूर्ण विश्व में अपना विचार पहुंचा चुका है। विजयादशमी पर्व अधर्म पर धर्म की जीत के रूप में मनाया जाता है, जिसमें माँ दुर्गा की उपासना और शस्त्र के साथ शास्त्र पूजन होता है, जो सनातन धर्म का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो संघ पिछले 99 वर्षों से हिन्दु समाज के संगठन में लगा है और हमारा लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3 प्रतिशत हिन्दुओं को संघ से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि अब स्वयंसेवक सामाजिक समरता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के रूप में पांच तत्वों पर मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. तेजवीर, संजय लखान, निपेन्द्र जी, आयुष जी, अनिल जी, सतेन्द्र जी, हरीश जी, ओमवीर जी, अंकित जी, मनोज जी, प्रदीप जी, संजय शिवम एड., ब्रिजेश जी, सुमित जी, रविन्द्र जी, रामकुमार जी, मयंक तोमर, राकेश वत्स, संदीप, आनन्द, मनीष, महीपाल, सतीश, कृष्ण कुमार, कुंवरपाल, शिवकुमार, भूपेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण के साथ करता व्यक्ति निर्माण कार्य: नृपेन्द्र जी

### रामलीला टिल्ला में शस्त्र पूजन व एकत्रीकरण का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को विजयदशमी उत्सव के रूप में हनुमान नगर में रामलीला टिल्ला में शस्त्र पूजन व एकत्रीकरण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक लक्ष्मीनगर बतौर मुख्य वक्ता नृपेंद्र जी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य वक्ता ने विजयदशमी उत्सव व समाज में सामाजिक समरसता का भाव कैसे बढ़े और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विषय में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता नृपेंद्र जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक वास्तव में राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वयं सेवक जो राष्ट्र निर्माण के साथ समाज में हिन्दु का संगठन करना व समाज में समरसता का भाव प्रकट करने का कार्य में प्रमुखता से लगा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अब 99 वर्ष पूरे करके शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में नगर कार्यवाह संजीव जी, सह कार्यवाह योगेश जी, नगर संघ चालक श्रीपाल जी, फूलचंद जी, प्रचार प्रमुख राजीव जी व सहदेव जी, गौरव जी, मोहित जी, जयप्रकाश जी समेत सैंकड़ों स्वयं सेवक बंधु उपस्थित रहे।

# हिंदू शक्ति के जाग्रत होने से बनेगा राष्ट्र शक्तिशाली: प्रेमजी

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को पटेलनगर नगर में प्रेम विहार कॉलोनी स्थित मैदान में पूर्व वर्षो की भांति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा संघ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नई मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। पटेलनगर शाखा का संचलन जानसठ रोड स्थित प्रेम विहार से शुरू होकर अलमासपुर,अवध विहार,वसुंधरा एनक्लेव, एटूजेड रोड होते हुए करीब 4 किमी की दूरी तय करते हुए प्रेम विहार में पूर्ण हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के संघ चालक प्रेमजी व अध्यक्षता पटेल नगर के नगर संघ चालक अनिल धमीजा जी ने की। मुख्य वक्ता आरएसएस मेरठ प्रांत के संघ चालक प्रेमजी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू समाज का जागरण करते हुए अपने 99 वर्ष पूरे कर चुका है, इसमें हिंदू समाज को जागृत होने की जरुरत है। हिंदू स्वयं में सर्वश्रेष्ठ है परंतु अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए हम कभी-कभी अपने धर्म को महत्वता नहीं देते। हिंदू शक्ति के जाग्रत होने से ही राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को शक्ति संपन्न और साधन संपन्न होना होगा तभी हम राष्ट्र व हिंदुत्व के लिए पूर्ण निष्ठा और शक्ति के साथ में कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा हिंदू समाज का इतिहास शौर्य पूर्ण इतिहास है। संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। पथ संचलन पर अनेक स्थानों पर क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्प वर्षा की। संचलन में पटेल नगर के नगर कार्यवाह योगेश सैनी, सह-नगर कार्यवाह आनंद धीमान, नगर प्रचारक आयुष, जिला कार्यवाह संजय लखान, विभाग कार्यवाह प्रमोद कुमार, विभाग प्रचार प्रमुख विकास भार्गव, विभाग सेवा प्रमुख ब्रजेश कुमार, नगर प्रचार प्रमुख हेमू विक्रमादित्य, सह नगर प्रचार प्रमुख अशोक, नगर शारीरिक प्रमुख रामकुमार, सह नगर शारीरिक प्रमुख विकास कुमार समेत नगर और जिले के अन्य दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की नगर में शोभायात्रा



**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान सोसायटी द्वारा रविवार को नई मंडी में महाराजा अग्रसेन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान सोसायटी द्वारा रविवार को नई मंडी स्थित मेहता क्लब से महाराजा अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हनुमतधाम शुक्रताल महामंडलेश्वर केशवानन्द महाराज, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ गौडिया मठ के त्रिदण्डी स्वामी भक्ति भूषण महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। महाराजा अग्रसेन की आरती के बाद शोभायात्रा को प्रारंभ किया गया। शोभायात्रा नई मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ी धूमधाम के साथ निकली। इस दौरान कई झांकियों ने लोगों का आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, कुलदीप गोयल, श्रीमोहन तायल, इंजी. अशोक अग्रवाल, उद्यमी रघुराज गर्ग, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदीप गोयल, प्रदीप गुप्ता, संजय अग्रवाल, राजीव गर्ग आदि मौजूद रहे। इस दौरान वैश्य उत्थान सोसायटी से जुड़े राजीव मोहन गोयल, अखिलेश जिन्दल, विपिन गोयल, प्रवीण गुप्ता, अनुज गुप्ता, आलोक अग्रवाल, योगेश गुप्ता, रमेश चन्द गुप्ता, कुलदीप मित्तल आदि ने कार्यक्रम में आए अतिथियों व समाज के गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सम्मान किया।





## अंबेडकर प्रबुद्ध समाज ने मंत्री अनिल का किया अभिनंदन

### - मंत्री ने दिया भरोसा समस्याओं का होगा प्राथमिकता से निस्तारण

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** डॉ. अम्बेडकर प्रबुद्ध समाज द्वारा सरकुलर रोड स्थित होटल स्वर्ण इन में संपन्न अभिनंदन समारोह में यूपी सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अनिल कुमार का स्वागत किया। डॉ. अम्बेडकर समाज के लोगों ने मंत्री अनिल कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देने के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट किया। स्वागत समारोह में सभी लोगों ने फूलमाला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने कुछ वर्तमान मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मंत्री अनिल कुमार को एक मांग पत्र दिया। अपने स्वागत पर यूपी सरकार में मंत्री अनिल कुमार ने समाज से जुड़े सभी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के साथ ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस समारोह की अध्यक्षता जी. सिंह बौद्ध एवं संचालन नरेन्द्र डाबर द्वारा किया गया। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से बाबू सिंह बौद्ध, राज कुमार, जसपाल सिंह, जयप्रकाश नागोरिया, सुरेन्द्र सिंह, चैनपाल सिंह, सुन्दर सिंह दरोगा, ओमपाल सिंह, प्रवक्ता अरूण कुमार, राजेश कुमार, तीर्थपाल सिंह, अजय सिंह, बिजेन्द्र सिंह, फूल सिंह, हुकमचंद, अमरीश कुमार, सोहनपाल सिंह प्रधानाचार्य, रमेश चन्द आर्य, अशोक पाल, फूल सिंह, सुखपाल सिंह, प्रवीण कुमार, पंकज मौर्य, विपिन मौर्य, डॉ. केपी सिंह, त्रिलोक चन्द, सुशील, गजे सिंह, रतनलाल, अनिल, जयपाल सिंह, राकेश, नरेन्द्र, जयन्त, सुशील, भोपाल, डॉ. विदेश, कोतवाल सिंह, राम पाल सिंह, सोहनवीर, चन्द्रपाल सिंह, डॉ. अमन कुमार, नाथीराम, धर्मपाल सिंह, इन्द्राज सिंह, विनोद, हरि प्रकाश, रघुवीर सिंह, ओम सिंह, अश्वनी डाबर, राज कुमार प्रधान आदि मौजूद रहे।

## संसदीय कार्य मंत्री जसवंत सैनी ने किया रक्तदान कैंप का उद्घाटन





**शाहपुर, 13 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के गौरव हॉस्पिटल पर आयोजित रक्तदान शिविर में 210 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। शिविर में निःशुल्क विभिन्न जांच भी की गई। कस्बे के गौरव अस्पताल में मिशन वंदे मातरम दा ट्रस्ट के तत्वावधान में विशाल आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी व दीप प्रज्वलन रालोद विधानमंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान ने किया। जबकि फाइब्रोस्कैन व शारीरिक जांच का शुभारंभ पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक व जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र बालियान ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करना रक्तदाताओं के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। शिविर में 210 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन, दिल की जांच, फेफड़ों की जांच के अलावा हड्डियों व नसों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर के आयोजन अस्पताल संचालक डॉ. तेजपाल सैनी, डॉ. गौरव सैनी व डॉ. मनीषा सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में दीपक पंघाल, पम्मी धनगर, मनोज सिंघल, नवीन राणा, अनिता राठी, लोकेश शर्मा, पुलकित अग्रवाल, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी व मनोज अरोरा आदि का योगदान रहा।

## 28 रक्तवीरों ने रक्तदान किया



**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बुस.)।** आज एसडी गर्ल्स स्कूल गाँधी कॉलोनी में समर्पित युवा समिति व समर्पित महिला शक्ति के तत्वावधान में एक रक्तदान व नेत्रदान संकल्प हेतु संयुक्त शिविर लगाया गया, जिसमें 28 रक्तवीरों व रक्तवीरांगनाओं ने रक्तदान किया, जिसमें से कई रक्तदाता ऐसे थे, जिन्होंने जीवन का पहला रक्तदान किया। शिविर में प्राप्त रक्त को एसडी ब्लड बैंक में संरक्षित किया गया, जोकि जरूरत पड़ने गंभीर रोगियों के जीवन रक्षा के काम आएगा। रक्तदान के साथ ही नेत्रदान के लिए समाज को जागृत व प्रेरित करने के लिए लगाए गए नेत्रदान संकल्प शिविर पर भी रजिस्ट्रेशन करने वालों में भारी उत्साह देखने को मिला। जीवन पूर्ण होने के बाद नेत्रदान का संकल्प लेते हुए कई महिलाओं व पुरुषों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन नेत्रदान का फॉर्म भी भरा। समर्पित युवा समिति जिले में रक्तदान, प्लेटलेट्स डोनेशन में अपनी बहुत बड़े स्तर पर पहचान बना चुकी है और अब तक 8 लोगों के नेत्रदान करवा 16 नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्रदान करने में सहयोगी बनी है। शिविर को सफल बनाने में मोनाली पंवार, विदुर गुप्ता, संदीप कुमार, अक्षत जिंदल, राखी ग्रोवर, शालू आनंद एवं अनिकेत गुप्ता का सहयोग रहा।


**आवश्यकता है**

हॉस्पिटल कैंटीन में रात के लिए एक कुशल कारीगर व हेल्पर की जो खाना व चाय, नाश्ता बनाना जानता हो।

सम्पर्क करें:-
M.: 9760604646


## पैरा ओलंपिक पदक विजेता प्रीति पाल का शाहपुर में जोरदार अभिनंदन

### - सपा सांसदों इकरा हसन एवं हरेंद्र मलिक ने प्रीति पाल को किया सम्मानित





**शाहपुर, 13 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में पैरा ओलंपिक में दो पदक विजेता प्रीति पाल का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। सपा सांसद हरेंद्र मलिक,सांसद इकरा हसन एवं कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने पैरा ओलंपिक पदक विजेता को शॉल ओढ़ाकर व ट्रॉफी तथा नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैरा ओलंपिक पदक विजेता एथलीट खिलाड़ी प्रीति पाल ने कहा कि बालिकाएं खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा परिश्रम कर सफलता अर्जित कर देश का नाम विश्व में रोशन करें। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य भी बेटियों को आगे बढ़ाने में उनका सहयोग करें तथा उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि बालिकाएं विषम परिस्थितियों में पीछे ने हटे अपितु उनका डटकर मुकाबला करने के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। सांसद हरेंद्र मलिक और कैराना सांसद इकरा हसन ने कहा कि जनपद की बेटी प्रीति पाल जनपद ही नहीं देश का गौरव है। वह बालिकाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा पैरा ओलंपिक में पदक जीतने पर प्रत्येक देशवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जनपद के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। सपा सांसद ने कहा कि खेल संघो पर राजनीति का कब्जा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिससे खेलों में भ्रष्टाचार होने के साथ-साथ खिलाड़ियों के साथ भेदभाव होता है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के संचालकों से कहा कि वह अपने शिक्षण संस्थानों में खेलों को बढ़ावा देने का कार्य कर ग्रामीण अंचल में छुपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का कार्य करें। सांसद ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए वह पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह धनगर व संचालन विकास कुमार और उनेश निर्वाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, विनय पाल प्रमुख, समाजसेवी अरविंद पाल, विधानसभा अध्यक्ष अकरम कुरैशी, रवि धनगर, प्रबंधक सत्येंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोल्डी अहलावत, पुष्पेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह बालियान, ओमपाल सिंह चेयरमैन, प्रदीप पाल, सभासद सतीश पाल, वकील बेगम, डॉ. ओमपाल सैनी, जय भगवान पाल, सुरेश पाल व इकबाल कुरैशी सहित विद्यालय का स्टाफ वह छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दीक्षा गौतम (DIKSHA GAUTAM) से बदलकर दीक्षा शर्मा (DIKSHA SHARMA) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे दीक्षा शर्मा (DIKSHA SHARMA) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**दीक्षा शर्मा**
पत्नी श्री मयंक गौतम
13, पटेलनगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर


## 17 अक्टूबर को होगा दमा के रोगियों को निशुल्क दवा का वितरण

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बुस.)।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर दमा (अस्थमा) के रोगियों के लिए अमर क्लब द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण बृहस्पतिवार 17 अक्टूबर 2024 को गुदड़ी बाजार में दोपहर 2.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक खादी आश्रम (बल्लू खादी वाले) पर किया जायेगा।

अमर क्लब के अध्यक्ष अम्बरीश गर्ग, उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा, सचिव प्रवीण गर्ग, कोषाध्यक्ष मुकेश सैनी व प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर दवायुक्त खीर का निःशुल्क वितरण दमा रोगियों के लिए किया जाता है दमे की दवाई खीर में मिलाकर रात्रि को 12 बजे खाई जाती है तथा प्रतिवर्ष सैकड़ों लोग इसका लाभ उठाते है। उपरोक्त जानकारी सचिव प्रवीण गर्ग द्वारा दी गई है।

## बुढ़ाना में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने निकाला पथ संचलन

**बुढ़ाना, 13 अक्टूबर (बु.)।** पूर्व घोषणा अनुसार बुढ़ाना कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने विजय दशमी और संघ के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाते हुए पथ संचलन निकाला। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और जगह-जगह स्वयंसेवकों पर फूलों की वर्षा भी की गई। रविवार को कस्बे में योगपुरा मंदिर में स्वयंसेवकों ने पूजन व बौद्धिक कार्यक्रम के बाद अपने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला। ये पथ संचलन योगपुरा मंदिर से शुरू होकर बुढ़ाना के विभिन्न मार्गो को निकलकर वापस योगपुरा मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। स्वयंसेवकों की कतार बद्ध टोली हाथों में लाठियां लिए आगे बढ़ रही थी। रास्ते में लोगों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों पर फूलों की वर्षा की और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस आयोजन की सुरक्षा व व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह व कस्बा इंचार्ज ललित कसाना सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। पंथ संचलन में पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि दशहरे पर पथ संचलन निकलता है, जो भारत की संस्कृति व संगठन की ताकत को मजबूत बनाए रखने के लिए एक प्रतीकात्मक आयोजन है। जब हमारी शक्तियां मजबूत होंगी तो हमारी रक्षा स्वाभाविक रुप से मजबूत होगी।

## शाहपुर में निकाला गया पथ संचलन

**शाहपुर, 13 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विजयदशमी पर्व व संघ स्थापना दिवस पर निकाले गए पथ संचलन कार्यक्रम से पूर्व स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल ने कहा कि देश को परम वैभव पर पहुंचना ही संघ का दायित्व है। सभी संगठित रहकर राष्ट्रीय हित के कार्य कर देश को आगे बढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि संघ का स्वयंसेवक अनुशासित होता है और अनुशासित व्यक्ति ही देश को आगे बढ़ने का कार्य कर सकता है। समाज के सभी लोग अनुशासित रहकर उन्नत राष्ट्र निर्माण के कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाहक संदीप बंसल ने किया जबकि मुख्य शिक्षक अनमोल बंसल रहे। पथ संचलन शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर मेन रोड, मेन बाजार, मौहल्ला सैनियान, मालदा बाग आदि से होता हुआ वापस कॉलेज पर ही संपन्न हुआ। पथ संचालन में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कतार बद्ध होकर चल रहे थे। पथ संचलन में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र घोष बजाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन का कस्बावासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन में विभाग संघचालक डॉ. हरवीर आर्य, खंड संघ चालक मदन सैनी, खंड कार्यवाह पवन कुमार, पूर्व विधायक उमेश मलिक, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, डॉ कुलदीप त्यागी, डॉ. मोहित शर्मा, भाग्य शर्मा आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## भाकियू ने बिजलीघर पर 21 अक्टूबर से किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान

**चरथावल, 13 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के रोहाना मार्ग पर स्थित भारतीय किसान यूनियन के नगर कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने विद्युत विभाग के उत्पीड़न के खिलाफ 21 अक्टूबर से चरथावल बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का एलान किया है।

चरथावल कस्बे के रोहाना मार्ग पर स्थित भारतीय किसान यूनियन के नगर कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी, नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी एवं विधि प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष नदीम एडवोकेट आदि ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि कई दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष के घर में घुसकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया था, जिसकी तहरीर थाना चरथावल पर दी गई है। इसके अलावा विद्युत विभाग चैकिंग नाम पर लोगों का उत्पीड़न कर रहा है। अधिकारियों से वार्ता होने के बावजूद भी लोगों के विरुद्ध बिजली चैकिंग के झूठे मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 21 अक्टूबर से चरथावल बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है तथा चेतावनी दी है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा।

# डेंगू से एमडीए के इंजीनियर की मौत

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** एमडीए के इंजीनयर की डेंगू से मौत के बाद विभाग में शोक की लहर है, हालांकि जिले का स्वास्थ्य विभाग डेंगू से मौतों को लेकर अभी भी अनजान बना है। मौते हो रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने निजी चिकित्सकों के मुंह पर ताला जड़ दिया है और उसका कहना है कि जब तक सरकारी एलाइजा टेस्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं होती तब तक निजी लैब की टेस्ट रिपोर्ट को वे नहीं मानेंगे। हालांकि इंजीनियर की मौत को लेकर तो विभाग का कहना है कि यह मामला दूसरे जिले का है और मुजफ्फरनगर में रिपोर्टिंड नहीं है। गत दिनों मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर राजीव त्यागी का डेंगू के चलते निधन हो गया। एमडीए के सचिव आदित्य प्रजापति का कहना है कि राजीव त्यागी का डेंगू के चलते निधन हुआ है। यह खबर आते ही एमडीए में शोक की लहर दौड़ गई। सूत्रों के अनुसार इंजीनियर राजीव त्यागी 2 अक्टूबर से बुखार से पीड़ित थे। इसके चलते उन्हें पहले गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन आराम नहीं होने पर बाद में मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया । वहां उनकी जांच में डेंगू होने की पुष्टि हो गई थी। हालांकि इलाज के दौरान शनिवार को उनका निधन हो गया। उनका परिवार गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीआईपी सोसाइटी में रह रहा है। वहीं उनका अंतिम संस्कार किया गया। एमडीए में तैनात इंजीनियर राजीव त्यागी लम्बे समय तक मुजफ्फरनगर के विभिन्न जोन में तैनात रहे। पिछले दिनों उन्हें शामली जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



## जिले में मिले डेंगू के तीस मामले

- किसी भी मौत की बात से स्वास्थ्य विभाग का इंकार
- एमडीए इंजीनियर की मौत को बताया बाहरी मामला

**मुजफ्फरनगर।** डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बातें समा से बाहर हैं। विभाग की मानें तो इस बार आंकड़ों में डेंगू कम है। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह के अनुसार अभी तक जिले में डेंगू के कुल तीस मामले सामने आए हैं। उनका कहना है कि गत वर्ष इस अवधि में ढाई सौ से अधिक मामले सामने आए थे। जो मामले यहां सामने आए हैं उनमें भी कोई गंभीर मामला नहीं है। मौत की बात से तो उन्होंने साफ इंकार किया। एमडीए के इंजीनियर की मौत को लेकर उनका कहना था कि यह मामला जिले में रिपोर्टेड नहीं है। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में डेंगू के तीस मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे अधिक मामले शहर, खतौली व मंसूरपुर में मिले हैं। शहर में गांधी कॉलोनी, गांधी नगर और आनंदपुरी में मामले सामने आए हैं, लेकिन किसी एक स्थान पर अधिक मामले नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया की लार्वा के लिए विभाग का अभियान चल रहा है और शनिवार तक इसकी रिपोर्ट आएगी। विभाग ने लोगों को सप्ताह में एक बार गमले, कूलर की टंकी, फ्रिज की बैक ट्रे, गुलदस्ते, गमले आदि की सफाई का सुझाव दिया है। लोगों से अपील की गई है कि वे घरों के पुराने बर्तन, गमले, बैक ट्रे, कूलर की टंकी को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करें। सर्वे टीम का भी सहयोग करें, ताकि मच्छरजनित रोगों से बचाव हो सके।

# लंका विजय कर अयोध्या लौटे राम, भरत मिलाप ने किया भाव विभोर

## श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में छाया हर्ष और उल्लास, हर घर दुल्हन की तरह सजा

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर द्वारा आयोजित 49वें रामलीला महोत्सव के 13वें दिन की रात्रि में शनिवार को रावण दहन के साथ ही लंका विजय के बाद भगवान श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण और जानकी सीता के साथ अयोध्या लौट आये हैं। हनुमान जी भी उनके साथ आये। राम के अयोध्या लौटने के बाद अयोध्या में उल्लास है। भरत और राम के मिलाप की लीला ने सभी को भावुक कर दिया।

श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में रामा और रावण दल के बीच घनघोर युद्ध के बाद रावण का दहन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, उद्योगपति भीम सैन कंसल आदि अतिथिगण मौजूद रहे। रावण दहन के उत्साह और उल्लास के बाद भरत मिलाप की लीला ने सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। 14 साल के अंधकार और वनवास के बाद चारों भाईयों के मिलन के कला प्रदर्शन में कलाकारों ने पूरा जीवन ही फूंक दिया। रावण वध और लंका विजय के बाद जब राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या वापस आते हैं। उनकी वापसी का समाचार लेकर हनुमान जी राजा भरत की कुटिया में पहुंचते हैं। श्री राम आगमन की सूचना पाकर भरत और शत्रुघ्न नंगे पांव दौड़ हुए श्रीराम और लक्ष्मण के पास जाते हैं। राम राजभवन जाने से पहले उस स्थान पर जाते हैं, जहां भरत एक वैरागी की तरह नगर से बाहर कुटी में वास कर रहे होते हैं। राम, लक्ष्मण और सीता को देखते ही भरत उनके चरणों में लोट जाते हैं। राम उन्हें उठा कर अपने गले लगा लेते हैं। दोनों की आंखों से अश्रुओं की धारा बहने लगती है। राम और



भरत के इस मिलन को देख दर्शक भी भाव विभोर हो उठे। पूरा दृश्य इतना मार्मिक और दिल को छू लेने वाला था कि लोग अपने आंसू नहीं रोक पाए। भरत अयोध्या में श्री राम और लखन के साथ ही मां सीता का स्वागत करते हैं। राम के लौटने के साथ ही अयोध्या में खुशियां छा जाती हैं। नृत्यांगना झूमती हैं और नाचती हैं। इसके साथ ही अयोध्या में भगवान श्री राम के राजतिलक की भी तैयारियां शुरू हो जाती हैं, श्री राम के वनवास और राजा दशरथ के मोक्ष के कारण जो अयोध्या अंधकार में थी, वहां हर घर दुल्हन की तरह सजाया जाने लगा था। इसके साथ ही महल में राजा राम चन्द्र के राज तिलक की तैयारी भी जोर शोर से शुरू कर दी गई थी।

इस दौरान श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक सभासद विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पंकज शर्मा, निर्देशक अमित शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन के अलावा ज्योति ऐरन, मीना ऐरन, जितेंद्र नामदेव, विनय गुप्ता टिंकू, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, अंशुल गुप्ता, विपुल मोहन, अज्जू जैन, आकाश गोयल, गौरव मित्तल, अमर चौधरी, दीपक लाला, भगवती और सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर व बाइक की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

**बुढ़ाना, 13 अक्टूबर (बु.)।** ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। तीनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर निवासीगण मनोज और पूजा रविवार के दिन बाइक पर सवार होकर अपने गांव से किसी काम के लिए बुढ़ाना आ रहे थे। जब दोनों मुजफ्फरनगर रोड पर हिंडन नदी पुल से पहले स्थित मदनलाल हॉस्पिटल के समीप आए तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रेक्टर चालक ने ट्रेक्टर की सीधी टक्कर बाइक में मार दी। जिसमें बाइक पर सवार मनोज और पूजा के अलावा ट्रैक्टर चालक मोनू निवासी गांव मुकुंदपुर थाना छपरौली जनपद बागपत भी घायल हो गया। प्रत्यशदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक मोनू दारू के नशे में था और ट्रैक्टर का अगला पहिया निकलने पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। मौके पर आए राहगीरों ने तीनों घायलों को पास में ही स्थित मदनलाल हॉस्पिटल में पहुंचया। उधर किसी की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों से बातचीत की। इस मामले में जहां कुछ देर बाद तीनों घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, वहीं कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी थी।

## आईएमए ने किया 15 अक्टूबर को देशव्यापी भूख हड़ताल का ऐलान

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में इंसाफ के लिए डॉक्टर्स भूख हड़ताल पर हैं। आज नौवें दिन भी चली इस हड़ताल के बीच भारतीय चिकित्सा संघ ने देशव्यापी भूख हड़ताल का ऐलान किया है। आईएमए ने पश्चिम बंगाल में न्याय दिलाने के लिए हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों के समर्थन में 15 अक्टूबर मंगलवार को भूख हड़ताल की घोषणा की है। आईएमए ने कहा कि देशभर में, आईएमए जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क मंगलवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक भूख हड़ताल करेंगे। इसके साथ ही आईएमए ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनकी मांगें मानने की अपील की है और कहा कि कोलकाता के युवा डॉक्टर अपनी वैध मांगों के लिए मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। उनकी हड़ताल का आज नौवां दिन है। उनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस आंदोलन को लोगों का समर्थन है।

## बुलंदशहर : मुठभेड़ में इनामी बदमाश ढ़ेर

बुलन्दशहर 13 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के जनपद बुलन्दशहर में आज प्रातः हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से 1.50 लाख का इनामी बदमाश ढेर हो गया जबकि दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये और सीओ बाल बाल बचे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि आज प्रातः कोतवाली देहात क्षेत्र में इनामी बदमाश की सूचना पर पुलिस की टीमें चेकिंग में लगी हुई थी तभी एक मोटरसाइकिल पर एक बदमाश सामने आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस पर ताबड़फोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग में थाना अध्यक्ष एवं आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एसओजी टीम प्रभारी सीओ राहुल की जैकेट में गोली फंस जाने पर वह बाल बाल बचे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा फायरिंग में बदमाश के गोली लगने से घायल हो गया। इस दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। एसएसपी ने बताया कि राजेश नामक इस बदमाश पर लूट अपहरण डकैती के 50 से अधिक मुकदमे बुलंदशहर जनपद में दर्ज है। इस पर बुलंदशहर पुलिस द्वारा एक लाख का इनाम घोषित किया गया है जबकि जनपद पुलिस द्वारा भी 50 हजार का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि आसपास की जनपदों में भी इसके अपराध की छानबीन की जा रही है। एसपी का कहना है कि मुठभेड़ में घायल सभी पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती है तथा खतरे से बाहर है।

## अलीगढ़ में भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

**बुलंदशहर, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** बुलंदशहर जिले के चार युवकों की अलीगढ़ जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के डिबाई के गांव दौलतपुर खुर्द से काली मेला देखने गए चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार रात को गांव के रहने वाला विकास अपने दोस्त सुनील, यश शर्मा और रवि के साथ एक बाइक पर सवार होकर अलीगढ़ के क्षेरत क्षेत्र में काली मेला देखने गए थे। मेला देखकर लौटने के दौरान जवां थाना इलाके के छेरत स्थित गेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर ट्राली से उनकी बाइक भिड़ गई। हादसे में मौके पर ही चारों की मौत हो गई। अलीगढ़ पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चारों युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया। चारों दोस्त 19 साल से लेकर 22 साल तक के उम्र के हैं। दौलतपुर गांव में कोहराम मचा है। गांव में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। युवकों के घर ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी हुई है।

## गौवंश कटान के लिए ले जा रहे दो आरोपियों को भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर बुलेटिन सोशल मीडिया पर गौवंश लेकर जा रहे एक संदिग्ध पिकप गाड़ी की वीडियो जारी की गयी थी, जिसमें पुलिस ने गाड़ी चालक हैदर निवासी कवाल व अपने को ब्राह्मण बताने वाले राजकुमार शर्मा निवासी कच्ची सड़क निवासी गाजवाली पुलिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले गौ सेवकों के सहयोग से मुजफ्फरनगर बुलेटिन को एक वीडियो मिली थी। इस वीडियो में पिकप गाड़ी के अंदर दो गौवंश मौजूद थे। वीडियो चलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके से ही कच्ची सड़क निवासी राजकुमार शर्मा व कवाल निवासी हैदर को हिरासत में ले लिया था। उक्त गाड़ी जानसठ की ओर से आ रही थी और भोपा रोड तक जाने की इसकी सूचना थी। तीन दिन तक चली पूछताछ के बाद रविवार को चालक सहित राजकुमार शर्मा को भी जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान हैदर ने बताया कि भोपा रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल के सामने उक्त दोनों गौवंशों को उतारा जाना था। जहां से उक्त दोनों गौवंशों की हरिद्वार ले जाने की डील तय हुई थी, मगर पोल खुलने के बाद दोनों पकड़े गए।

### गौ तस्करी करने वाला राजकुमार तो गया जेल, भूखी गायों को कहीं और ले जाकर गौशाला क्यों नहीं की गयी सील

**मुजफ्फरनगर।** तीन दिन पहले पकड़े गए राजकुमार शर्मा ने गौशाला के नाम पर कई गाय भोपा रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल के सामने पाल रखी हैं। ऐसे में सूचना मिली है कि पिछले तीन दिनों से किसी को यह ही नहीं पता कि उक्त गायों को चारा इत्यादि मिला है अथवा नहीं। साथ ही साथ उनके गोबर की साफ सफाई भी हुई है अथवा नहीं। माना तो यही जा रहा है कि तीन दिन से उक्त गायों की देखरेख कोई नहीं कर पा रहा। ऐसे में पुलिस प्रशासन को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि या तो उन गायों को मुक्त कराकर किसी अन्य गौशाला भेज दे और उक्त गौशाला को सील कर दिया गया है, क्योंकि जिस गौशाला में ऐसे आपराधिक काम होते हों, योगी शासन में भी यदि ऐसी गौशालाएं चलेंगी तो यह हिन्दू समाज के लिए शर्मनाक बात होगी।

### 6 माह से खुला घूम रहा था राजकुमार शर्मा

**मुजफ्फरनगर।** बताया जाता है कि फिलहाल तो राजकुमार को तीन दिन बाद जेल भेजा गया, यह बात तो अपने आपमें चर्चा का विषय बनी ही है साथ ही साथ इस बात की चर्चा भी साफ होती दिख रही है कि आखिर राजकुमार को तीन दिन तक क्यों थाने में ही रखा गया। क्या उसके छूटने की किसी सिफारिश का इंतजार था। इससे भी बड़ी बात यह है कि छह माह पूर्व भी ऐसे ही एक अन्य मामले में राजकुमार शर्मा की मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज है, मगर छह महीने में उसकी किसी प्रकार की कोई गिरफ्तारी क्यों नहीं की गयी, जबकि सूत्रों के मुताबिक राजकुमार शर्मा खुलेआम शहर में ही रहकर अपने सारे काम कर रहा था। ऐसे में पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल तो उठना स्वाभाविक है। अब देखना यह होगा कि पुलिस गौशाला में रह रही गायों और उक्त गौशाला किन किन लोगों के नाम से संचालित है, इसमें पड़ताल कर अन्य दोषियों पर क्या कार्यवाही करती है, क्योंकि तस्करी का काम अकेला राजकुमार शर्मा ही नहीं उसके कई सहयोगी भी कर रहे होंगे।

### गौशाला के नाम पर गौ तस्करी का धंधा करने वाले राजकुमार को शायद नर्क में भी न मिले जगह

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित गौशाला चलाने वाला राजकुमार शर्मा कच्ची सड़क गाजावाली पुलिया का बताया गया है। यह तो पता नहीं कि यह शुद्ध ब्राह्मण है भी या नहीं मगर ऐसा व्यक्ति हिन्दू धर्म के नाम पर कलंक ही है, क्योंकि जिस हिन्दू धर्म में गाय माता की पूजा के साथ साथ तैंतीस करोड़ देवी देवताओं का वास बताया जाता है, ब्राह्मणों के लिए तो वह सबसे पूजनीय है। ऐसे में उक्त व्यक्ति की जाति पर तो संदेह है ही मगर इसके हिन्दू होने पर भी संदेह हो रहा है। जब लोगों को पता लगा कि गौ तस्करी में राजकुमार शर्मा का नाम तीन दिन पहले ही आ गया था तो पहले तो लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ मगर चालक के पकड़े जाने के बाद जब उसने पूरा राज उगला तो आम आदमी को मानना पड़ा कि वास्तव में उक्त व्यक्ति गौशाला चलाने के नाम पर गौ तस्करी का धंधा कर रहा है। ऐसे में लोगों के मुंह से यही बात निकलती दिखाई दी कि कानून तो जब सजा देगा सो देगा मगर ऐसे व्यक्ति को नर्क में भी जगह मिलनी मुश्किल है।

## पालिका में टेंडरों की बंदर बांट बनी परेशानी का सबब

- राज्य वित्त से होने वाले 204 कार्यों के टेंडरों पर साजिश शुरू
- ईओ की अनुपस्थिति में खेला करने में जुटे कुछ जिम्मेदार

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** चेयरपर्सन के तमाम प्रयासों के बावजूद पालिका में टैंडरों को लेकर पूल कराने की साजिश बड़े पैमाने पर जारी है, जिसमें हिस्से के खेल को लेकर बीते दिवस बड़ा बखेड़ा खड़ा हो गया। ऐसे में असंतुष्ट हुए कुछ सभासद और ठेकेदार अपनी नाराजगी दर्ज कराने के साथ बैठक ही छोड़कर चले गए। एटूजेड कालोनी के एक मकान में संपन्न हुई बैठक में टेंडरों में पूल कराने को लेकर हुई इस बैठक में राज्य वित्त की करोडों रुपए की धनराशि से होने वाले इन 204 कार्यों के टेंडरों में बंदरबांट का खेला होने की नगर में चर्चा है। चर्चा है कि इस बैठक में मौजूद ठेकेदारों को कार्य निर्धारित करते हुए सट्टे की पर्ची बांटी गई। अब सोमवार यानि 14 अक्टूबर को होने वाले इन टेंडरों में समय फिर से बढ़ाने के लिए खेला होने की संभावना है।



चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की ओर से नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों को पंख लगाने की दिशा में लगातार प्रयास कराए जा रहे है, लेकिन नगर की गति को उनके अपने कुछ सभासद और ठेकेदारों ने विकास कार्यों के टेंडरों में खेला किए जाने की योजना है। बीते दिवस एटूजेड कालोनी में स्थित एक मकान में टेंडरों के पूल को लेकर हुई गोपनीय बैठक में इस योजना को अमलीजामा पहचाए जाने की चर्चा है। बीति रात्रि में हुई बैठक में एक दर्जन सभासदों संग 40 ठेकेदारों की मौजूदगी नई साजिश के संकेत हैं। पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में राज्य वित्त आयोग के करोडों की धनराशि से 204 कार्य होने है। इन कायों में मिल बैठकर खेला करने के साथ पूल कराने को हुई बैठक में कुछ सभासदों और ठेकेदारों ने विरोध करने के साथ बहिष्कार तक कर दिया। सूत्रों के अनुसार इस विरोध के बीच में बैठक से गए जिम्मेदारों के बाद बैठक में मौजूद ठेकेदारों को कार्य निर्धारित करते हुए पर्ची बांटी गई है। उक्त पर्ची एक राइटिंग में लिखी है। सोमवार यानि 14 अक्टूबर को पालिका में कुछ टेंडर होने है, अब इसमें समय बढ़ाने को लेकर खेला होने की चर्चा है, जिसके लिए अफसर की तलाश है। ऐसे में जब पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह मेडिकल अवकाश पर गई है, ऐसे में इन लोगों की मंशा पालिका के किसी अन्य अफसर को ईओ का कार्यवाहक चार्ज देकर टैंडरों में समय वृद्धि के प्रयास होने हैं। सूत्रों का कहना है कि टेंडर के इस खेल में एक अफसर के इंकार कर दिए जाने के बाद अब इसके लिए दूसरे अफसर को तैयार किए जाने की तैयारी है, ताकि टेंडरों में आसानी से खेला किया जा सकें।

## मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है: कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में ईवीएम को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि उनका मानना है कि चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग होता है। कांग्रेस ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना के दौरान ईवीएम में सामने आई विसंगतियों को लेकर कई शिकायतें सौंपी थीं। 20 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाए हैं कि आठ अक्टूबर को मतगणना के दौरान कुछ ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थीं। कांग्रेस के आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल पर सिब्बल ने कहा, कांग्रेस ने ईवीएम के बारे में जो सवाल उठाए हैं, वह निर्वाचन आयोग को इसके सबूत दे रही है। मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निर्वाचन आयोग को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है, यह किस हद तक होता है, मुझे नहीं पता।

## मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत

**तिरुवनंतपुरम, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** केरल के तिरुवनंतपुरम में झाड़ियों की सफाई करते समय मधुमक्खियों के झुंड ने वहां काम रह रहे मजदूरों पर हमला कर दिया, जिससे एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह हादसा सात अक्तूबर को हुआ था। गंभीर हालात में सभी मजदूरों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 63 वर्षीय सुशीला का आईसीयू में इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

## अभिनेत्री को बदनाम करने पर 3 मलयालम कलाकारों पर केस

**तिरुवनंतपुरम, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** केरल में अपने यूट्यूब चैनलों के माध्यम से एक अभिनेत्री को बदनाम करने के आरोप में तीन मलयालम कलाकारों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि टीवी और फिल्म अभिनेत्री बीना एंटोनी, उनके अभिनेता-पति मनोज और अभिनेत्री स्वासिका पर अभिनेत्री का अपमान करने के भी आरोप हैं। नेदुम्बसेरी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने हाल ही में न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट जारी होने के बाद मलयालम सिनेमा के कुछ प्रमुख अभिनेताओं के खिलाफ आरोप लगाए थे, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

## 1100 कन्याओं के चरण पखारकर, किया सबसे बड़ा कन्या पूजन

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** मिशन शक्ति समेत तमाम अन्य योजनाओं के बूते जहां एक ओर सरकार बिटिया के महत्व को समाज में जागरूक करने और उनके प्रति सम्मान की दिशा में बढ़ रही है, उसी उद्देश्य से नगर के प्रेमपुरी स्थित जैन औषधालय में सामूहिक कन्या पूजन द्वारा करीब 1100 कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हें प्रसाद, वस्त्र एवं उपहार भेंट किए। नव चेतना सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सभी वर्गों की कन्याओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में कन्याएं समाज व परिवार की धरोहर हैं, जिनका संरक्षण, शिक्षा व सम्मान समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बेटियों के प्रति सम्मान बढ़ाने का संदेश जाता है, वहीं समाज में समानता व एकता भी मजबूत होती है। नवचेतना सेवा संस्थान अध्यक्ष हरि ओम गोयल ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज में बेटियों को सम्मान





दिलाना और उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। हरिद्वार से आए प्रमानंद महाराज ने कहा कि कन्या पूजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज का कर्तव्य भी है। उन्होंने शास्त्र सम्मत तरीके से कन्याओं का पूजन किया, जिसमें कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए, तिलक कर आरती उतारी गई। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग व समुदायों की कन्याओं का समान रूप से पूजन किया गया। कार्यक्रम में अंकित गोयल, पवन बंसल, डॉ. संजय अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, मनोज गर्ग, विवेक सिंघल, प्रवीण मलिक, विकास अग्रवाल, मनोज आचार्य, दिनेश वर्मा, रोहित जैन, जितेंद्र, राजीव चंदा, प्रवीण वर्मा, शिवम, कार्तिकेय, विष्णु गर्ग, मारूत मित्तल, नितिन, कुलदीप, अंकित, गौरव, कशिश, शिवा सैनी, मनीष, निकुंज, राहुल शर्मा, सुधीर, रविंद्र, सचिन, राजीव, प्रवीण, जयवीर, सभासद प्रशांत चौधरी, सचिन, अभिषेक खन्ना एड. आदि ने योगदान दिया। अंत में कन्याओं को प्रसाद, भोजन और उपहार प्रदान कर विदा किया गया।

## बैंक का लुटेरा गिरफ्तार, कब्जे से 30 लाख बरामद

**शामली, 13 अक्टूबर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के धीमानपुरा में स्थित एक्सिस बैंक में एक अक्तूबर को तमंचे के बल पर हुई सनसनीखेज लूट की वारदात में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से तीस लाख की नकदी भी बरामद की गई है।

धीमानपुरा के एक्सिस बैंक से एक बदमाश ने अकेले ही हथियारों के बल पर 40 लाख रुपये लूट कर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद वह बैंक स्टाफ को धमकाते हुए आराम से फरार हो गया था। आरोपी ने कर्ज के 38 लाख रुपए चुकाने की खातिर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपी के पास से लूटे गए रुपयों में से 30 लाख 20 हजार रुपए और तमंचा बरामद किया गया है। अमरजीत का कहना है कि उसने 36 लाख लूटे थे, जबकि बैंक मैनेजर ने 40 लाख बता दिए। पुलिस अब इसकी जांच कर रही है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि लूट प्रकरण में 8 टीमों को लगाया हुआ था। आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। आरोपी अमरजीत को शामली से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि उसने ट्रक खरीदा था, जिस कारण उस पर 38 लाख का कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने के लिए उसने एक अक्तूबर को वारदात को अंजाम दिया। लूट के बाद वह गांव में अपने नलकूप पर चला गया था, जहां पर उसने कपड़े बदले और रुपयों को घर के अन्दर ही रख दिया। डीआईजी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की बात कही है। आरोपी अमरजीत ने पूछताछ में बताया कि उसने 25 सितंबर को बैंक की रेकी की थी। साथ ही लूट का भी प्रयास किया था। बिना मास्क लगाए ही वह बैंक में रेकी की थी। भीड़ अधिक होने का कारण वह लूट में सफल नहीं हो सका था। बाद में 1 अक्टूबर को उसने वारदात को अंजाम दिया। डीआईजी ने बताया कि अमरजीत का कहना है कि उसने 36 लाख रुपए लूटे थे, जबकि बैंक मैनेजर ने 40 लाख लूटने की बात कही थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## मुरादाबाद में पथराव के बाद तनाव

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी में शनिवार रात दो वर्गों के बीच लाठी-डंडे के बाद दोनों पक्षों की तरफ से पथराव होने पर तनाव कायम हो गया। एक युवक के घायल होने के साथ दो कारों के शीशे टूट गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे एसपी सिटी और सीओ के ललकारने पुलिस फोर्स ने डंडा फटकारा तो पथराव करने वाले भाग खड़े हुए। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार घटना का कारण जुए के पैसे का विवाद सामने आया है। गुलाबबाड़ी चौकी क्षेत्र की मिश्रित आबादी वाले इलाके वीर शाह हजारी में शनिवार रात करीब नौ बजे दशहरा मेला देखने के बाद एक समुदाय के बच्चे घर लौट रहे थे। इसी समय रास्ते में दूसरे समुदाय के बच्चों से उनका विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। थोड़ी ही देर में विवाद के बीच बड़े लोग शामिल हो गए। एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के घरों पर पहुंच कर पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया। इसके बाद वाल्मीकि बस्ती में तनाव फैल गया। पत्थरबाजी के दौरान एक युवक जख्मी हो गया। आसपास खड़ी दो कारों के शीशे भी टूट गए।

## सीएम योगी बोले, माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं, उपद्रवियों की होगी पहचान



**लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** बहराइच में रविवार की शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई। इस हिंसा में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। कुछ युवक इस घटना से घायल हुए है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए और धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय पर प्रतिमा विसर्जन कराया जाए। उन्होंने जनता को सुरक्षा की गारंटी देते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मौजदूगी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनकी लापरवाही से इस प्रकार की घटना घटित हुई, उनकी पहचान की जाए और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

## जालंधर में जम्मू-दिल्ली हाईवे पर बैठे किसान, आमजन परेशान

**जालंधर , 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** पंजाब में रविवार को किसानों ने हाईवे जाम कर दिए। धान की खरीद व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने को लेकर किसान सड़कों पर उतर आए हैं। इस वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी आम जनता को झेलनी पड़ रही है। किसानों ने सरकारी बसों सहित सभी तरह के छोटे-बड़े वाहनों को रोक दिया है।

पंजाब के जालंधर में भी किसानों ने दोपहर 12 बजे धन्नोवाली फाटक के पास से नेशनल हाईवे जाम कर दिया। जालंधर-लुधियाना हाईवे पर धन्नोवाली रेलवे क्रासिंग के पास सड़क पर किसान बैठे हुए हैं। इससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई। इस दौरान किसान वाहन चालकों को हड़काते भी दिखाई दिए। सबसे बड़ी बात यह थी कि किसानों ने दोनों तरफ से हाईवे बंद कर दिया है, जिसके चलते लुधियाना, अंबाला, दिल्ली जाने वाला यातायात प्रभावित हुआ। इसके अलावा अमृतसर, पठानकोट, जम्मू सहित अन्य राज्यों में जाने वाला यातायात भी बाधित हो गया। किसानों के इस जाम के कारण नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई है। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ट्रैफिक को अन्य रास्तों से डाइवर्ट कर जाम को कम करने का प्रयास कर रही है। लोगों को हो रही असुविधा पर किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि आज यानी रविवार को उक्त जाम के बारे में पहले ही बता दिया गया था। लोगों को हो रही परेशानी के लिए सरकार व प्रशासन जिम्मेदार है। किसानों के इस जाम से लोगों के भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



### लुधियाना-बठिंडा हाईवे पर चक्का जाम

**जालंधर।** एसकेएम के आह्वान पर रविवार को किसान और मजदूर संगठनों ने लुधियाना-बठिंडा राज मार्ग पर रायकोट के सरदार हरी सिंह नलवा चौक और कस्बा सुधार बाजार स्थित खालसा कॉलेज के सामने धरना देकर यातायात ठप कर दिया है। पहले से ही तय कार्यक्रम के तहत इन जत्थेबंदियों के नेता और कार्यकर्त्ता ठीक 12 बजे धरनास्थल पर पहुंचे और सड़कें जाम कर दी। रायकोट में कुल हिंद किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन द्वारा सभा के राज्य महासचिव बलजीत सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। सुधार बाजार में बीकेयू दोआबा के जिला प्रधान जसप्रीत सिंह जस्सी ढट्ट की अगुवाई में किसान और मजदूर धरने पर बैठे हैं। जस्सी ढट्ट ने कहा कि सरकारें लगातार किसान मजदूरों को झूठे आश्वासन देकर बरगला रही हैं, जबकि धरातल पर दोनों वर्गों की परेशानी हल नहीं हुई।

## आलू के पराठे खिलाकर मां, बहन-भाई को किया बेहाश कर प्रेमी संग फरार

**ग्वालियर, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया हैं। जहां एक नाबालिग छात्रा मां, भाई और बहन को बेहोश कर अपने बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई। 6 दिन पहले ही उसकी सगाई तय हुई थी। घटना के पहले नाबालिग ने पूरी प्लानिंग की थी। उसने रात में सभी को आलू के पराठे बनाकर खिलाए। आलू के मसाले में नींद की गोलियां मिला दी थीं। रविवार सुबह परिजनों की नींद खुली तो उनका सिर चकरा रहा था। घर में सामान बिखरा पड़ा था और 17 साल की बेटी लापता थी। परिजनों ने देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी, उसमें रखे पुश्तैनी गहने और एक लाख रुपए नगद भी गायब थे। वहीं, नाबालिग का प्रेमी भी लापता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना शहर के गोला का मंदिर नारायण विहार की है।

## कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना वह किसानों ने ही बनाया, फिर भी हारी: गुरनाम चढ़ूनी

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा), 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** भाकियू अध्यक्ष एवं संयुक्त संघर्ष पार्टी के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना वह किसानों ने ही बनाया था। इसके बावजूद किसानों को कोई तव्वजो नहीं दी। चुनाव में जमानत गंवाने वाले चढ़ूनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर पूरी जिम्मेदारी छोड़ दी थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल नहीं बन पाया। कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना वह किसानों ने ही बनाया था। इसके बावजूद हुड्डा ने किसानों को कोई तव्वजो नहीं दी। उन्हें ही नहीं किसी अन्य किसान को भी कहीं से टिकट नहीं दी। जबकि भाजपा किसानों के विरोध में पहले से ही रही है। ऐसे में





किसान कहां जाए। यही कारण रहा कि वे चुनाव में उतरे तो वहीं हर्ष छिक्कारा व रमेश दलाल भी उतरे। चढ़ूनी ने आरोप लगाए कि हुड्डा ने किसी से समझौता नहीं होने दिया और ऐसी मनमानी के परिणाम सामने है। अब कांग्रेस को ऐसे किसी नेता को प्रतिपक्ष नेता के रूप में चुनना चाहिए, जो लड़ाई लड़ सके। चढ़ूनी ने हार का ठीकरा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर फोड़ा है। उन्होंने बातचीत में कहा कि हुड्डा ने न केवल कांग्रेस व आप बल्कि किसानों को भी इस स्थिति में ला खड़ा किया है, जिसके पीछे उसकी मनमानी रही है। किसान एक सीट मांग रहे थे, जो नहीं दी। आप के साथ भी समझौता नहीं होने दिया बल्कि पहले का समझौता भी तुड़वा दिया। कांग्रेस के प्रत्याशी भी मनमानी से ही उतरवाए तो रूठों को मनाया तक नहीं।

## गाली गलौच के बाद हुई मारपीट में फायरिंग, चार घायल

**भोपा, 13 अक्टूबर (बु.)।** बेहड़ा-बैराज मार्ग पर देर शाम दो भिन्न गांव के व्यक्तियों में कहासुनी के बाद हुई गाली-गलौच में मारपीट हो गई, जिसमें फायरिंग होने से चार व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए भोपा अस्पताल में भेजा गया। घटना को लेकर दो पक्ष में तनाव व्याप्त हो गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर व गंगदासपुर निवासी व्यक्तियों मे हुई मारपीट से भगदड़ मच गई। अस्पताल पहुंचे घायल मोहित पुत्र महकार सिंह निवासी दरियापुर ने बताया कि वह अपने साथी विशाल पुत्र सोनू, प्रियांशु पुत्र विपिन, प्रशांत पुत्र सुरेन्द्र बेहड़ा मार्ग पर स्थित इंटर कॉलेज के पास ट्यूबवेल पर बैठे थे। इसी दौरान निकटवर्ती गांव दरियापुर निवासी पांच युवक वहां आये और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए फायरिंग की, जिसमें मोहित व विशाल गोली लगने से घायल हो गये, तो वहीं प्रियांशु व प्रशांत भी घायल हो गये। मोहित ने बताया की गन्ना समिति के डिलीगेट्स चुनाव को लेकर आरोपियों से पूछा कि गांव में क्या चल रहा है, जिसके बाद आरोपियों ने बहस करते हुए गाली-गलौच करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया की दो पक्ष में मारपीट का मामला है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

